# ASSRA IN MEDIA 2022-TILL DATE

| Particulars | |
|---|---|
| 07-07-2024 – Dry-Ration Distribution:<br>“On 07-07-2024, ASSRA distributed monthly dry-ration kits to 40 identified poor Sabar and tribal families in remote villages of Patamda block (East Singhbhum, Jharkhand).” | <br>आसरा संस्था ने 40 परिवारों में बांटा सूखा राशन<br>**पटमदा, संवाददाता, 06 जुलाई :** आसरा संस्था के मैनेजर सत्यजीत कुमार ने शनिवार को पटमदा प्रखंड के सारी, कुंदरूकोचा, काशीडीह, गोबरघुसी व लड़ाईडूंगरी के 40 असहाय परिवारों में सूखा राशन वितरण किया. इस संबंध में मैनेजर ने बताया कि संस्था की ओर से छह महीने पूर्व 40 असहाय सबर व आदिवासी परिवारों को चिन्हित किया गया था. चिन्हित किये गए 40 परिवारों में हर महीने चावल, आटा, दाल, सरसों व रिफाइन तेल, साबुन, हेंडवास, नमक, चीनी, दूध, चायपत्ती आदि सूखा राशन वितरण किया जाता है. उन्होंने बताया कि संस्था की ओर से असहाय परिवारों को सूखा राशन मिलने से काफी राहत महसूस करती है. उन्होंने कहा कि ये अभियान आगे भी जारी रहेगा. इस दौरान संस्था के मंजू दत्त व श्रीचरण माझी भी मौजूद थे. |
| Newspaper Clipping – 07-07-2024 (Ration):<br>“Newspaper report dated 07-07-2024 documenting ASSRA’s dry-ration support to 40 vulnerable families in Sari, Kundrukocha, Kashidih, Gobarghusi and Ladaidongri villages of Patamda block.” | <br>दैनिक भास्कर जमशेदपुर 07-07-2024<br>आसरा संस्था ने पटमदा के 40 परिवारों में बांटा सूखा राशन<br>**पटमदा**\| आसरा संस्था के मैनेजर सत्यजीत कुमार ने शनिवार को पटमदा प्रखंड के सारी, कुंदरूकोचा, काशीडीह, गोबरघुसी व लड़ाईडूंगरी के 40 असहाय परिवारों में सुखा राशन का वितरण किया। इस संबंध में मैनेजर ने बताया कि संस्था की ओर से छह महीने पूर्व 40 असहाय सबर व आदिवासी परिवारों को चिन्हित किया गया था। |
| **Newspaper Clipping – GD Assistant Course**<br>“Newspaper report dated --2024 highlighting ASSRA’s free six-month General Duty Assistant (GDA) health-care course for 25 tribal children at Kashidih centre to enhance their employability in hospitals and clinics.” | <br>आसरा 25 आदिवासी बच्चों को निःशुल्क करा रही जीडीए कोर्स<br>पटमदा। गोबरघुसी पंचायत अंतर्गत काशीडीह स्थित आसरा संस्था के कार्यालय में आसपास के 25 आदिवासी बच्चे स्वरोजगार से जुड़ने के लिए छह महीने का जनरल ड्यूटी सहायक (जीडीए) कोर्स निःशुल्क कर रहे हैं। संस्था के मैनेजर सत्यजीत कुमार ने बताया कि 1 जुलाई को कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ है, जो 6 महीने तक चलेगा। आसरा संस्था की ओर से सभी बच्चों को मरीजों को पानी चढ़ाना, इंजेक्शन लगाना, ब्लड प्रेशर चेक करना, शुगर जांच आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जीडीए का पाठ्यक्रम समाज को गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदान करने के लिए बनाया गया है।<br>[redacted] |

ASSRA New Delhi

# ASSRA IN MEDIA 2022-TILL DATE

| | |
|---|---|
| PHOTO-2024-07-12-11-47-03 (Newspaper – GDA course heading):<br>“Dated 12-07-2024 – Newspaper report highlighting ASSRA’s initiative to conduct a free six-month General Duty Assistant (GDA) health-care course for 25 tribal children at Kashidih centre.” | <br>**गोबरधुसी सेंटर में 25 आदिवासी बच्चे कर रहे जीडीए कोर्स**<br>**पटमदा.** पटमदा की गोबरघुसी पंचायत के काशीडीह स्थित आसरा संस्था के कार्यालय में आसपास गांव के 25 आदिवासी बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए छह महीने का जनरल ड्यूटी सहायक (जीडीए) का कोर्स निःशुल्क करा रहे हैं. छह महीने तक चलने वाली प्रशिक्षण शिविर 1 जुलाई से शुरू किया गया है. प्रशिक्षक सत्यजीत कुमार द्वारा बच्चों को रोजाना 3 घंटे मरीजों को पानी चढ़ाना, इंजेक्शन लगाना, ब्लड प्रेशर चेक करना, शुगर जांच करना आदि जानकारी प्रशिक्षण के माध्यम से दे रहे हैं. अस्पताल में काम करते समय जीडीए को नर्सिंग सहायक, नर्सिंग केयर सहायक, नर्सिंग सहयोगी, बेडसाइड सहायक के रूप में जाना जाता है. कोर्स पूरा करने के पश्चात बच्चों को संस्था की ओर से एक सर्टिफिकेट दिया जाएगा. जिसके माध्यम से बच्चे किसी अस्पताल में नर्सिंग असिस्टेंट, होम हेल्थ एड (सहायक), अस्पताल अटेंडेंट व क्लिनिक असिस्टेंट का काम आसानी से कर सकते हैं. |
| PHOTO-2024-07-12-12-13-02 (Classroom / practical training photo):<br>“Dated 12-07-2024 – Practical GDA training session at ASSRA’s Kashidih centre where tribal students learn basic patient-care skills for future employment in hospitals and clinics.” | <br>HINDUSTAN PAPER<br>**आसरा 25 आदिवासी बच्चों को निःशुल्क करा रही जीडीए कोर्स**<br>पटमदा। गोबरघुसी पंचायत अंतर्गत काशीडीह स्थित आसरा संस्था के कार्यालय में आसपास के 25 आदिवासी बच्चे स्वरोजगार से जुड़ने के लिए छह महीने का जनरल ड्यूटी सहायक (जीडीए) कोर्स निःशुल्क कर रहे हैं। संस्था के मैनेजर सत्यजीत कुमार ने बताया कि 1 जुलाई को कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ है, जो 6 महीने तक चलेगा। आसरा संस्था की ओर से सभी बच्चों को मरीजों को पानी चढ़ाना, इंजेक्शन लगाना, ब्लड प्रेशर चेक करना, शुगर जांच आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जीडीए का पाठ्यक्रम समाज को गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदान करने के लिए बनाया गया है।<br>12 July<br>खेल \| सुमंत मूलगांवकर स्टेडि<br>**टाटा स्टील ने वि** |
| PHOTO-2024-09-21-07-16-52 (Women’s shop / self-reliance news):<br>“Dated 21-09-2024 – ASSRA supporting unemployed rural women in Patamda block by providing complete material to open small grocery shops for sustainable self-employment.” | <br>दैनिक भास्कर जमशेदपुर 21-09-2024<br>**महिलाओं को स्वनिर्भर बनाने के लिए आसरा संस्था दे रही दुकान**<br>पटमदा। पटमदा प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों की बेरोजगार महिलाओं को स्वनिर्भर बनाने के लिए आसरा संस्था निःशुल्क साम्रगी उपलब्ध करा रही है। इन महिलाओं को दुकान भी खोल कर दिया जा रहा है। संस्था ने अब तक चार असहाय महिलाओं को दुकान खोलने के लिए जरूरत की सभी साम्रगी उपलब्ध कराई है। संस्था के स्टेट हेड सत्यजीत कुमार ने बताया कि गुरुवार को घोषडीह टोला बुरुडीह में निवासी प्रभावती सिंह को राशन दुकान खोलने के लिए सभी सामान उपलब्ध करा दिया गया है। साम्रगियों को बेचकर प्रभावती जरूरत के हिसाब से सामान अब अपने मंगाएंगी। दुकान से होने वाली आमदनी से परिवार का भरण पोषण करेंगी। उन्होंने बताया कि दुकान खोलने के लिए साम्रगी संस्था की ओर से निःशुल्क दिया जाता है। इसके पहले कुंदरूकोचा के मालती टुडू, अपो सबर टोला के चंदना सबर व बामनी निवासी लक्ष्मी सबर के घर में भी राशन दुकान खोल दिया गया है। सभी महिलाओं ने अपने परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक भी कर ली है। मौके पर संस्था की मंजू दत्ता, श्रीचरण माझी आदि मौजूद थे। |

ASSRA New Delhi

# ASSRA IN MEDIA 2022-TILL DATE

<table>
<tr>
<td>PHOTO-2024-09-21-16-59-45 (women with grocery shop news):<br>“Dated 21-09-2024 – ASSRA enabled unemployed rural women in Patamda block to become self-reliant by supplying all materials required to open and operate small kirana (grocery) shops.”</td>
<td>महिला को स्वनिर्भर बनाने हेतु आसरा संस्था ने बुरुडीह में खुलवायी किराना दुकान<br>पटमदा : पटमदा प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों की बेरोजगार महिलाओं को स्वनिर्भर बनाने के लिए आसरा संस्था नि:शुल्क सामग्री उपलब्ध कराते हुए दुकान खोलवा रहे हैं. संस्था द्वारा अब तक चार असहाय महिलाओं को दुकान खोलने के लिए जरूरत की सभी सामग्रियों को उपलब्ध करा दिया है. इस संबंध में संस्था के स्टेट हेड सत्यजीत कुमार ने बताया कि गुरुवार को घोषडीह टोला बुरुडीह में निवासी प्रभावती सिंह को ग्रोसरी (किराना) दुकान खोलने के लिए सभी सामान उपलब्ध करा दिया गया है. सामग्रियों को बेचकर प्रभावती जरूरत के हिसाब से सामान अब अपने से मंगाएंगे. दुकान से होने वाली आमदानी से परिवार का भरण पोषण करेंगे. उन्होंने बताया कि दुकान खोलने के लिए सामग्री संस्था की ओर से नि:शुल्क दिए जाते है. उन्होंने बताया कि इसके पहले कुंदरूकोचा के मालती टुडू, अपो सबर टोला के चंदना सबर व बामनी निवासी लक्ष्मी सबर के घर में ग्लॉसरी दुकान खोल दिया गया है. सभी महिलाएं अपने परिवार की माली हालत में सुधार कर लिए है.मौके पर संस्था की मंजू दत्ता व श्रीचरण माझी अन्य कई लोग मौजूद थे.</td>
</tr>
<tr>
<td>PHOTO-2024-09-25-08-44-43 (ration, coloured clipping):<br>“Dated 25-09-2024 – ASSRA provided dry-ration kits (rice, flour, oil, sugar, soap, biscuits, etc.) to 30 extremely poor families of Burudi, Kukdu and Kashidih Tola villages in Patamda block.”</td>
<td>आसरा संस्था ने 30 परिवारों को दिया सूखा रा<br><br>पटमदा, संवाददाता, 24 सितम्बर: आसरा संस्था के स्टेट हेड स<br>कुमार ने सोमवार को पटमदा प्रखंड के बुरुडीह, कुकडू व काशीडीह टोल<br>असहाय परिवारों के बीच सुखा राशन आटा, चीनी, तेल, साबुन, बिस्कु<br>सामग्री का विगरण किया. जानकारी देते हुए स्टेट हेड ने बताया कि संस<br>क्षेत्र के गरीब आदिवासी परिवारों को चिन्हित करते हुए पिछले नवंबर 2<br>लगातार सुखा राशन दिया जा रहा है. करीब महीने भर चलने जैसा सुख<br>मिलने से असहाय महसूस करने वाले सभी परिवारों के लोगों को काप<br>मिलती है. इस दौरान संस्था के मंजू दत्ता व श्रीचरण माझी आदि उपस्थि</td>
</tr>
<tr>
<td>Dated 02-10-2024 – ASSRA celebrated World Elderly Day at its Kashidih centre by honouring 25 senior citizens from nearby villages with shawls and tokens of respect.”</td>
<td>दैनिक भास्कर जमशेदपुर 02-10-202<br>आसरा संस्था काशीडीह में विश्व बुजुर्ग दिवस पर बुजुर्गों को किया गया सम्मानि<br><br>पटमदा| पटमदा प्रखंड के गोबरघुसी पंचायत<br>काशीडीह स्थित आसरा संस्था में मंगलवार को वि<br>बुजुर्ग दिवस मनाया गया। इस दौरान संस्था<br>डायरेक्टर सुभोजित साहू ने क्षेत्र के विभिन्न गांवो<br>पहुंचे 25 बुजुर्ग महिला व पुरुषों को अंगवस्त्र दे<br>सम्मानित किया। मौके पर सत्यजीत कुमार, मंजू<br>सुभोजित साहू, श्रीचरण माझी आदि मौजूद थे।</td>
</tr>
<tr>
<td></td>
<td></td>
</tr>
</table>



# ASSRA IN MEDIA 2022-TILL DATE

<table>
<tr>
<td>PHOTO-2024-10-19-09-37-21 / 21-10-2024 news (women with products):<br>“Dated 19-10-2024 – ASSRA organised handicraft-training for women’s groups in Ghosdih–Burudi area, teaching them to make saleable household items for self-employment.”</td>
<td>दैनिक भास्कर जमशेदपुर 19-10-2024<br><br>स्वावलंबी बनाने के लिए आसरा संस्था महिलाओं को दे रही है प्रशिक्षण<br><br><br><br>पटमदा| पटमदा प्रखंड के घोषडीह-बुरुडीह की महिला समूहों से जुड़े दीदियों को स्वनिर्भर बनाने के लिए स्वयं सेवी आसरा संस्था घरेलू उपयोग करने वाले विभिन्न प्रकार की सामग्रियों का प्रशिक्षण दे रही है। संस्था के स्टेट हेड सत्यजीत कुमार ने बताया कि महिलाओं को कांस (घास) व खजूर के पत्ते से टोपी, पूजा टोकरी, पेन स्टैंड, टोकरी निर्माण के लिए प्रशिक्षण दी जा रही है।</td>
</tr>
<tr>
<td>PHOTO-2024-10-19-09-37-21_1 (similar handicraft-training image):<br>“Dated 18-10-2024 – Women participants display hand-made baskets, plates and other products prepared during ASSRA’s self-reliance training programme.”</td>
<td>‘आसरा’ महिलाओं को दे रही है स्वावलंबन का प्रशिक्षण<br><br><br>हस्तनिर्मित सामग्रियों को दिखाती महिलाएं.<br><br>पटमदा, संवाददाता,18 अक्टूबर: पटमदा प्रखंड के घोषडीह–बुरुडीह के महिला समूहों से जुड़े दीदियों को स्वनिर्भर बनाने के स्वयं सेवी आसरा संस्था ने घरेलू उपयोग करने वाले विभिन्न प्रकार सामग्रियों का प्रशिक्षण दे रहें हैं. इस संबंध में संस्था के स्टेट हेड सत्यजीत कुमार ने बताया कि महिलाओं ने कांस (घास) व खजूर के पत्ते से टोपी, पूजा टोकरी, पेन स्टैंड, टोकरी निर्माण हेतु प्रशिक्षण दिया जा रहा है. उन्होंने बताया कि हस्त निर्मित विभिन्न प्रकार सामग्रियों को बाजार में बेचकर महिलाएं स्वरोजगार बन सकेंगे. दूसरे गांव की महिलाओं को हुनरमंद का ट्रेनिंग देकर खुद का स्वरोजगार से जोड़ने का काम किया जाएगा. इस दौरान संस्था के स्टेट हेड सत्यजीत कुमार, मंजू दत्त, श्रीचरण माझी आदि उपस्थित थे.</td>
</tr>
<tr>
<td>Dated 22-10-2024 – ASSRA distributed free country-breed chicks to 25 rural women in Burudi, Ladaidongri and Kukdu villages so they can start small poultry units for sustainable livelihood.”<br><br></td>
<td>आसरा संस्था ने 25 महिलाओं को दिया देशी प्रजाति की मुर्गियों का चूजा<br><br><br><br>पटमदा: पटमदा प्रखंड की बुरुडीह, लड़ाईडूंगरी व कुंकडु गांव के 25 महिलाओं को मुर्गी पालन करने हेतु नि:शुल्क रूप से देशी प्रजाति (सोनाली ब्रीड) के 10– 10 मुर्गीयों का चूजा वितरण संस्था के स्टेट हेड सत्यजीत कुमार ने काशीडीह स्थित कार्यालय में किया. इस संबंध में स्टेट हेड सत्यजीत कुमार ने बताया कि मुर्गी पालन के माध्यम से महिलाएं स्वावलंबी बने इसके लिए संस्था की ओर से महिलाओं को पहले नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया गया. इसके बाद प्रथम चरण में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 25 महिलाओं को देशी मुर्गियों की चूजा वितरण किया. उन्होंने बताया कि मुर्गी का चूजा 2 महीने में कम से कम 2 किलो वजन बढ़ जाएगा. बाजार में मुर्गियों को बेचकर महिलाएं हजारों रुपये मुनाफा कमाएंगे. उन्होंने कहा कि महिलाओं को स्वरोजगार योजना से जुड़ने हेतु संस्था द्वारा हर महीने तरह– तरह का प्रशिक्षण दिया जाता है. आसरा संस्था में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले कई महिलाएं अभी स्वावलंबी बन गई है. मौके पर स्टेट हेड सत्यजीत कुमार, मंजू दत्त व श्रीचरण माझी आदि मौजूद थे.</td>
</tr>
</table>

# ASSRA IN MEDIA 2022-TILL DATE

<table>
<tr>
<td>Dated 18-11-2024 – ASSRA inaugurated a skill-development and training centre at Lawa-Beltand, Patamda, to provide poor children with digital learning support, computer education and other future-oriented skills.</td>
<td>दैनिक भास्कर जमशेदपुर 18-11-2024<br><br>**आसरा संस्था ने बच्चों के लिए खोला कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र**<br><br>भास्कर न्यूज़ | पटमदा<br><br>स्वयं सेवी आसरा संस्था ने रविवार को पटमदा प्रखंड के लावा-बेलटांड़ में गरीब बच्चों के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र खोला। इसका उद्घाटन संस्था के स्टेट हेड सत्यजीत कुमार ने किया। संस्था के<br><br><br><br>स्टेट हेड ने बताया कि इस केंद्र में सिलाई-कढ़ाई, कंप्यूटर कोर्स, जीडीए नर्सिंग, कक्षा 1 से 10 वीं तक गरीब असहाय बच्चों के लिए ऑनलाइन क्लास की सुविधा मुहैया कराई जाएगी। साथ ही महिला सदस्यों द्वारा हस्तकला निर्मित वस्तु का विक्रय भी इस केंद्र से किया जाएगा। बहुत जल्द इलेक्ट्रिशियन का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।</td>
</tr>
<tr>
<td>Dated 08-03-2025 – ASSRA celebrated International Women’s Day at its Lawa office by honouring local women with shawls and recognition for their contribution to society.”</td>
<td>**आसरा संस्था ने महिला दिवस पर महिलाओं को किया सम्मानित**<br><br><br>कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं.<br><br>**पटमदा, संवाददाता, 08 मार्च:** पटमदा प्रखंड के लावा स्थित आसरा कार्यालय में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से पटमदा डिग्री कॉलेज जाह्ला के प्राचार्य कृष्ण पद महतो, प्रो विश्वनाथ महतो व प्रो चंद्रशेखर महतो शामिल हुए. जानकारी देते हुए संस्था के स्टेट हेड सत्यजीत कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में संस्था द्वारा संचालित सेंटर के शिक्षक, नि:शुल्क रूप से खोले से 10 ग्रॉसरी महिला दुकानदार समेत काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थे. इस दौरान संस्था द्वारा उपस्थित अतिथियों व महिलाओं को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया. साथ ही बच्चों के बीच महिला दिवस पर क्विज व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया. जिसमें बेहतर करने वाले बच्चों को संस्था द्वारा सम्मानित किया गया. इस दौरान संस्था के स्टेट हेड सत्यजीत कुमार, मंजू दत्ता, श्रीचरण माझी, सोनेलाल सिंह, मिठू मंडल, शक्तिपद प्रमाणिक, सीमा व अंजली आदि उपस्थित थे.</td>
</tr>
<tr>
<td>Dated 08-03-2025 – Group photograph of women and guests felicitated by ASSRA during the International Women’s Day programme at Lawa, Patamda block</td>
<td>दैनिक भास्कर जमशेदपुर 09-03-2025<br><br>**आसर ने महिलाओं को किया सम्मानित**<br><br><br><br>पटमदा । पटमदा प्रखंड के लावा स्थित आसरा कार्यालय में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य कृष्ण पद महतो, प्रो विश्वनाथ महतो व प्रो चंद्रशेखर महतो शामिल हुए। संस्था के स्टेट हेड सत्यजीत कुमार ने मौके पर महिलाओं को सम्मानित किया।</td>
</tr>
</table>

ASSRA New Delhi

# ASSRA IN MEDIA 2022-TILL DATE

| | |
|---|---|
| Dated 26-01-2025 – Republic Day was celebrated at ASSRA's Kashidih and Lawa centres with flag hoisting and participation of village women, children and staff. | **आसरा कार्यालय काशीडीह व लावा में मनाया गया गणतंत्र दिवस**<br><br>**पटमदा,27 जनवरी :** पटमदा प्रखंड की गोबरघुसी पंचायत अंतर्गत काशीडीह स्थित आसरा संस्था के कार्यालय में रविवार को गणतंत्र दिवस के मौके पर गांव के एक बुजुर्ग महिला रूपवाला सिंह के हाथों में झंडा फहराया गया। वंही लावा स्थित कार्यालय में संस्था के महिला कर्मी मंजू दत्त ने झंडा फहराते हुए तिरंगे को सलामी दी। इस दौरान स्टेट हेड सत्यजीत कुमार, श्रीचरण माझी, रीता महतो, अंजली प्रमाणिक, नमिता महतो व मिटू मंडल आदि उपस्थित थे। |
| Dated 13-04-2025 – ASSRA helped an unemployed Sabar woman in Dhusra village open a ration shop by providing all essential materials free of cost, enabling sustainable income for her family. | **सबर महिला के लिए 'आसरा' ने धुसरा में खुलवाई राशन दुकान**<br><br>**पटमदा, 13 अप्रैल:** पटमदा प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों की बेरोजगार महिलाओं को स्वनिर्भर बनाने के लिए आसरा संस्था नि:शुल्क खाद्य सामग्री उपलब्ध कराते हुए दुकान खोलवा रहे हैं. पटमदा प्रखंड के विभिन्न गांवों में अब तक 11 असहाय महिलाओं को संस्था ने दुकान खोलने के लिए जरूरत की सभी सामग्रियों को उपलब्ध करा दिया है. इस संबंध में संस्था के स्टेट हेड सत्यजीत कुमार ने बताया कि रविवार को धुसरा में बेरोजगार अष्टमी सबर को ग्लॉसरी दुकान खोलने के लिए सभी सामान उपलब्ध करा दिया गया है. उन्होंने बताया कि दुकान में दिए सामग्रियों को बेचकर अष्टमी अब जरूरत के हिसाब से सामान अपने से मंगाएंगे और उससे होने वाली आमदानी से परिवार का भरण पोषण करेंगे. उन्होंने बताया कि इसके पहले 11 असहाय महिलाओं के घरों में ग्लॉसरी दुकान खोल दिया गया है. सभी महिलाएं अपने परिवार की माली हालत में सुधार कर लिए है.मौके पर संस्था के श्रीचरण माझी, सोना रतन सिंह आदि उपस्थित थे. |
| Dated 22-06-2025 – ASSRA celebrated International Yoga Day at its coaching centres in Lawa, Bamni, Mirzadi and Kashidih by teaching young children different yoga practices and explaining their benefits. | **आसरा संस्था के कोचिंग सेंटरों में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस**<br><br>**पटमदा, संवाददाता, 22 जून :** आसरा संस्था के लावा, बामनी, मिर्जाडीह, जोड़सा व काशीडीह स्थित कोचिंग सेंटरों में अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया. संस्था के स्टेट हेड सत्यजीत कुमार ने बताया कि सभी सेंटरों के शिक्षकों के छोटे छोटे बच्चों को विभिन्न प्रकार योगाभ्यास कराते हुए उससे होने वाले फायदे को बताया. इस दौरान श्रीचरण माझी, मंजू दत्त, सीमा रानी कुंभकार आदि उपस्थित थे. |

ASSRA New Delhi

# ASSRA IN MEDIA 2022-TILL DATE

| | |
|---|---|
| ASSRA Sanstha inaugurating a free coaching centre for village children at Lowadih in Patamda block, with local officials highlighting its role in providing free education. | **लोवाडीह में खुला आसरा का निःशुल्क कोचिंग सेंटर**<br>**पटमदा:** पटमदा प्रखंड के लोवाडीह गांव में रविवार को आसरा संस्था का निःशुल्क कोचिंग सेंटर संस्था के डायरेक्टर सुभोजित साहू ने विधिवत रूप से शुभारंभ किया. इस दौरान संस्था के स्टेट हेड सत्यजीत कुमार, सीए मेनका साहू, मंजू दत्त, श्रीचरण माझी, सोना रतन सिंह व वनलता आदि मौजूद थे. इस संबंध में जानकारी देते हुए संस्था के स्टेट हेड सत्यजीत कुमार ने बताया कि आसरा संस्था विभिन्न गांवों में कोचिंग सेंटर खोलकर छोटे छोटे बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देने का काम कर रहे हैं. उन्होंने बताया कि इसके पहले भी पटमदा के कई गांवों में संचालित कोचिंग सेंटर में दर्जनों बच्चें शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं. |
| News about Aasra Sanstha celebrating Children's Day by organising sports competitions at its free coaching centres in several villages of Patamda block and honouring winning students with study materials. | दैनिक भास्कर जमशेदपुर 15-11-2025<br>**आसरा संस्था के कोचिंग सेंटरों में खेलकूद प्रतियोगिता, विजेताओं को किया पुरस्कृत**<br><br>**पटमदा** \| आसरा संस्था द्वारा पटमदा के लावा, काशीडीह, लोवाडीह, जोड़सा, मिर्जाडीह, चुड़दा व बामनी में निःशुल्क रूप से संचालित कोचिंग सेंटरों में शुक्रवार को बाल दिवस पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें सफल छात्रों को संस्था की ओर से पाठ्य सामग्री देकर सम्मानित किया गया। आसरा संस्था के स्टेट हेड सत्यजीत कुमार ने बताया - आर्थिक रूप से कमजोर आदिवासी समुदाय के बच्चों को आसरा संस्था निःशुल्क रूप से कोचिंग सेंटर चलाकर शिक्षा दिलाने का काम कर रही है। |
| On 18-11-2024, Aasra Sanstha inaugurated a Kaushal Vikas Prashikshan Kendra (skill-development training centre) at Lal-Bentol village in Patamda block, Jamshedpur, to provide online classes and computer, tailoring and other vocational training for underprivileged children and women. | दैनिक भास्कर जमशेदपुर 18-11-2024<br>**आसरा संस्था ने बच्चों के लिए खोला कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र**<br>भास्कर न्यूज़ \| पटमदा<br>स्वयं सेवी आसरा संस्था ने रविवार को पटमदा प्रखंड के लावा-बेलटांड़ में गरीब बच्चों के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र खोला। इसका उद्घाटन संस्था के स्टेट हेड सत्यजीत कुमार ने किया। संस्था के<br><br>स्टेट हेड ने बताया कि इस केंद्र में सिलाई-कढ़ाई, कंप्यूटर कोर्स, जीडीए नर्सिंग, कक्षा 1 से 10 वीं तक गरीब असहाय बच्चों के लिए ऑनलाइन क्लास की सुविधा मुहैया कराई जाएगी। साथ ही महिला सदस्यों द्वारा हस्तकला निर्मित वस्तु का विक्रय भी इस केंद्र से किया जाएगा। बहुत जल्द इलेक्ट्रिशियन का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।<br>Like Comment Send<br> |

# ASSRA IN MEDIA 2022-TILL DATE

On 17-12-2025, women associated with ASSRA in Patamda held a training where they created attractive household items by reusing waste plastic, becoming an inspiration for other women in eco-friendly livelihood.

## आसरा संस्था से जुड़ी महिलाएं बना रहीं प्लास्टिक से आकर्षक सामग्री, अन्य महिलाओं के लिए बनीं प्रेरणास्रोत

**पटमदा, संवाददाता, 17 दिसम्बर :** राज्य सरकार ने सिंगल यूज प्लास्टिक को रोक लगाने के लिए कई कानून और नीतियां बनाई है, लेकिन बाजार और घरों में अब पॉलीथिन और प्लास्टिक का बेहिसाब इस्तेमाल हो रहा है. इस्तेमाल के बाद लोगों ने पॉलीथिन व प्लास्टिक को घर के आसपास व सड़कों पर फेंक दे रहे हैं. जिससे पर्यावरण दूषित हो रहा है और लोग विभिन्न प्रकार बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं. आसरा संस्था के स्टेट हेड सत्यजीत कुमार के मार्गदर्शन में संस्था से जुड़ी एक दर्जन महिलाओं ने इन दिनों पटमदा प्रखंड की काशीडीह व गोबरघुसी क्षेत्र में बेकार पॉलीथिन व विभिन्न प्रकार प्लास्टिक के पैकेटों से फूलदानी, टोपी, कोटरा तथा अन्य सामग्रियों का निर्माण कर एक मिसाल पेश कर दूसरे महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत रही है. हस्तनिर्मित इन सामग्रियों को मेले या बाजारों में बेचकर महिलाएं स्वनिर्भर भी बन रहे हैं और क्षेत्र को प्रदूषण मुक्त भी बना रहे हैं. आसरा संस्था से जुड़ी महिलाएं राधिका सिंह, पूजा सिंह, अनिता सिंह, दीपाली सिंह, राष्टी सिंह, सोनिया सिंह, अनिता देवी, रीना सिंह व बसुंधरा सिंहदेव ने बताया कि महिलाओं को स्वरोजगार से जुड़ने के लिए आसरा संस्था द्वारा समय समय पर विभिन्न प्रकार प्रशिक्षण दिया जाता है. स्टेट हेड सत्यजीत कुमार ने प्लास्टिक से बनने वाले सामग्रियों के बारे में जानकारी देते हुए सभी को जागरूक किया था. इसके बाद सभी महिलाओं ने प्रत्येक दिन अपने घर के आसपास क्षेत्रों से फेंके गए पॉलीथिन व कुरकुरे पैकेट को एकत्रित कर सामग्रियों का निर्माण कर कर रहे हैं. समान तैयार होने के बाद उसे स्थानीय बाजार तथा ग्रामीण क्षेत्रों में लगने वाले मेलों में बेचकर पैसा कमाएंगे. महिलाओं ने बताया कि इससे न केवल पर्यावरण बचेगा बल्कि महिलाएं इसे व्यवसाय के रूप में भी अपना कर परिवार का भरण पोषण कर सकते हैं. इस संबंध में संस्था के स्टेट हेड सत्यजीत कुमार ने बताया कि प्रति सामग्री का कीमत 30 से 100 रुपये तक रखा गया है. भारी संख्या में निर्माण के बाद हस्तनिर्मित इन सामग्रियों को ऑनलाइन या दिल्ली जैसे बड़े शहरों में भी बेचने के लिए मार्केट तैयार करेंगे.



प्लास्टिक से विभिन्न प्रकार की सामग्री बनाती महिलाएं.



बनी वस्तुएं.

---

On 22-12-2025, a news report highlighted Patamda women supported by ASSRA who turn waste plastic and discarded clothes into attractive decorative products, selling them in big-city markets like Delhi and Mumbai to earn livelihoods.

दैनिक भास्कर जमशेदपुर 22-12-2025

मंडे पॉजिटिव वेस्ट प्लास्टिक और बेकार कपड़ों से बन रहे आकर्षक सजावटी उत्पाद, दिल्ली-मुंबई के बाजारों में बेचे जा रहे सामान

## कचरे से कमाई तक... पटमदा की महिलाएं गढ़ रहीं स्वावलंबन की नई मिसाल

रोहित सिंह / हिमांशु कुंभकार | जमशेदपुर/ पटमदा

पटमदा की महिलाएं कचरे को कमाई और स्वावलंबन में बदलकर एक नई मिसाल कायम कर रही हैं। बेकार कपड़े और प्लास्टिक, जिन्हें आम तौर पर फेंक दिया जाता है, अब यहां की महिलाओं के हाथों में पहुंचकर आकर्षक सजावटी और उपयोगी उत्पादों का रूप ले रहे हैं। इस पहल से न केवल महिलाओं की आय में वृद्धि हुई है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूती मिली है। पटमदा के गोबरघुसी और बुरुडीह गांव की 20 महिलाएं इस नवाचार से जुड़ी हुई हैं। प्रत्येक महिला प्रतिमाह न्यूनतम पांच हजार रुपए की आय अर्जित कर रही है। महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पाद दिल्ली और मुंबई जैसे बड़े बाजारों तक पहुंच रहे हैं, जहां इनकी कीमत 50 से 600 रुपए तक है। हैंडमेड और इको-फ्रेंडली होने के कारण इन उत्पादों ने शहरी बाजारों में विशेष पहचान बना ली है। इस बदलाव के पीछे आसरा संस्था की अहम भूमिका है। संस्था महिलाओं को वेस्ट प्लास्टिक और पुराने कपड़ों से सजावटी व उपयोगी सामान बनाने का प्रशिक्षण देती है। प्रशिक्षण के बाद तैयार उत्पाद संस्था द्वारा खरीदे जाते हैं और दिल्ली-मुंबई के बाजारों में बेचे जाते हैं। बिक्री की राशि सीधे महिलाओं के बैंक खातों में भेजी जाती है, जिससे उन्हें नियमित और पारदर्शी आय मिल रही है। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महिलाएं प्रतिदिन सराहनीय प्रयास कर रही हैं। पटमदा क्षेत्र के विभिन्न गांवों से रोजाना लगभग 10 किलोग्राम प्लास्टिक और कपड़े का कचरा एकत्र किया जा रहा है। इसके बाद कचरे को साफ कर, हर माह करीब 55 किलोग्राम प्लास्टिक और कपड़े से उपयोगी सामग्री तैयार की जा रही है।



पटमदा में कचरे से आकर्षक उत्पाद बनाती महिलाएं। टोकरी व डलिया (इनसेट)

**फूल डाली समेत कई आकर्षक सामग्री बना रहीं**

पटमदा की महिलाएं बिस्किट, कुरकुरे, चिप्स और सर्फ जैसे पैकेट एकत्र कर उन्हें सुंदर और उपयोगी उत्पादों में बदल रही हैं। महिलाएं प्लास्टिक से फूलदानी, टोकरी, कप, प्लेट, टोपी तैयार कर रही हैं, जबकि वेस्ट कपड़ों से पायदान बनाए जा रहे हैं। बीते लगभग एक वर्ष से महिलाएं यह कार्य कर रही हैं। पटमदा की महिलाओं ने यह साबित कर दिया कि कचरे को कला में बदलकर न केवल आर्थिक सशक्तीकरण संभव है, बल्कि प्रकृति और पर्यावरण की सेवा भी की जा सकती है।

*हम विभिन्न स्थानों से फेंका गया प्लास्टिक एकत्र करते हैं। उसे साफ-सुथरा कर फूलदानी, टोकरी, कप और प्लेट जैसे उत्पाद बनाते हैं। इससे हमें अच्छी आय हो रही है और हम परिवार की आर्थिक मदद कर पा रहे हैं। आसरा संस्था हमारा सहयोग कर रही है। पहले उत्पाद बनाना सीखा और अब अन्य महिलाओं को प्रशिक्षण दे रही हूं।* - पूजा कुमारी, गोबरघुसी

*हम महिलाओं से उत्पाद खरीदकर उन्हें दिल्ली और मुंबई के हाट बाजारों में बेचते हैं, जहां इनकी अच्छी मांग है। उत्पाद बिकते ही राशि सीधे महिलाओं के खातों में जमा कर दी जाती है। महिलाओं को वेस्ट प्लास्टिक और कपड़ों से उत्पाद निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया है।* - सत्यजीत कुमार, स्टेट हेड, आसरा संस्था

---

On 22-12-2025, a news report from Palamu highlighted Patamda women trained by Aasra Sanstha who turn waste plastic and old clothes into decorative items, creating eco-friendly livelihoods with demand from villages to big cities.

दैनिक भास्कर पलामू 22-12-2025

दैनिक भास्कर, रांची, सोमवार, 22 दिसंबर, 2025 03

मंडे पॉजिटिव वेस्ट से बेस्ट का सफर : पटमदा की महिलाएं गढ़ रहीं हरित भविष्य, आर्थिक मजबूती आई, पर्यावरण का भी संरक्षण

## कचरे से बनाए सुंदर सजावटी सामान, हुनर की डिमांड गांव से महानगर तक

रोहित सिंह, हिमांशु कुंभकार | जमशेदपुर-पटमदा

पूर्वी सिंहभूम के पटमदा की महिलाओं ने कचरे को कमाई और स्वावलंबन में बदल दिया है। बेकार के कपड़े और प्लास्टिक, जिन्हें फेंक दिया जाता है, वे चीजें महिलाओं के हाथों में पहुंचकर आकर्षक सजावटी और उपयोगी सामान का रूप ले रहे हैं। इससे न केवल महिलाओं की आय बढ़ी है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूती मिली है। पटमदा के गोबरघुसी और बुरुडीह गांव की 20 महिलाएं इस नवाचार से जुड़ी हुई हैं। प्रत्येक महिला प्रतिमाह न्यूनतम पांच हजार रुपए की आय अर्जित कर रही है। महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पाद दिल्ली और मुंबई जैसे बड़े बाजारों तक पहुंच रहे हैं, जहां इनकी कीमत 50 से 600 रुपए तक है। हैंडमेड और इको-फ्रेंडली होने के कारण इन उत्पादों ने शहरी बाजारों में विशेष पहचान बना ली है।

इस बदलाव के पीछे आसरा संस्था की अहम भूमिका है। संस्था महिलाओं को वेस्ट प्लास्टिक और पुराने कपड़ों से सजावटी व उपयोगी सामान बनाने का प्रशिक्षण देती है। प्रशिक्षण के बाद तैयार उत्पाद संस्था द्वारा खरीदे जाते हैं और दिल्ली-मुंबई के बाजारों में बेचे जाते हैं। बिक्री की राशि सीधे महिलाओं के बैंक खातों में भेजी जाती है, जिससे उन्हें नियमित और पारदर्शी आय मिल रही है। पटमदा क्षेत्र के विभिन्न गांवों से रोजाना लगभग 10 किलोग्राम प्लास्टिक और कपड़े का कचरा एकत्र किया जा रहा है।

**चिप्स, बिस्कुट के रैपर से सजावटी सामान व प्लास्टिक से फूलदानी, पायदान बना रहीं महिलाएं**



पटमदा की महिलाएं बिस्किट, कुरकुरे, चिप्स और सर्फ जैसे पैकेट एकत्र कर उन्हें सुंदर और उपयोगी उत्पादों में बदल रही हैं। महिलाएं प्लास्टिक से फूलदानी, टोकरी, कप, प्लेट, टोपी तैयार कर रही हैं, जबकि वेस्ट कपड़ों से पायदान बनाए जा रहे हैं। बीते लगभग एक वर्ष से महिलाएं यह कार्य कर रही हैं। छोटे प्रयासों से बड़े बदलाव का उदाहरण पेश करते हुए पटमदा की महिलाएं यह साबित कर रही हैं कि कचरे को कला में बदलकर न केवल आर्थिक सशक्तीकरण संभव है, बल्कि प्रकृति और पर्यावरण की सेवा भी की जा सकती है। यह पहल समाज और पर्यावरण, दोनों के लिए प्रेरणास्रोत बन गई है।

**पहले मैंने खुद उत्पाद बनाना सीखा और अब दूसरी महिलाओं को प्रशिक्षण दे रही हूं : पूजा**

गोबरघुसी की पूजा कुमारी बताती हैं कि हम विभिन्न स्थानों से फेंका गया प्लास्टिक एकत्र करते हैं। उसे साफ-सुथरा कर फूलदानी, टोकरी, कप और प्लेट जैसे उत्पाद बनाते हैं। इससे हमें अच्छी आय हो रही है और हम परिवार की आर्थिक मदद कर पा रहे हैं। संस्था ने हमारी मदद की। पहले मैंने उत्पाद बनाना सीखा और अब गांव की अन्य महिलाओं को भी प्रशिक्षण दे रही हूं। गांव की महिलाएं अब बड़ी संख्या में आ रही हैं।

Association for Social Service & Rehabilitation of the Aged
ASSRA New Delhi

# ASSRA IN MEDIA 2022-TILL DATE

| | |
|---|---|
| On 8-01-2026, ASSRA distributed winter clothes to around 50 elderly people and 60 young children in several villages of Patamda block, ensuring warmth and relief during severe cold weather. | **आसरा संस्था ने सबर बुजुर्ग व बच्चो में बांटे शीत वस्त्र**<br><br>**पटमदा, 8 जनवरी :** आसरा संस्था के स्टेट हेड सत्यजित कुमार ने गुरुवार को पटमदा प्रखंड के सुदूरवर्ती स्थित जोड़सा, काशीडीह, अपो, सारी , कुंआरामा, कुंदरुकोचा, गोबरघुसी एवं लड़ाईडूंगरी सबर बस्ति में 50 असहाय बुजुर्ग व 60 छोटे छोटे बच्चों के बीच शीत वस्त्र का वितरण किया। सत्यजीत कुमार ने बताया कि भीषण ठंड को देखते हुए असहाय बुजुर्गों व बच्चो को चिन्हित करते हुए संस्था द्वारा शीत वस्त्र उपलब्ध कराया गया। इस दौरान संस्था के श्रीचरण माझी भी मौजूद थे। |
| On 25-10-2024, ASSRA distributed dry ration kits to 42 Adivasi and poor families in villages of Gobarghusi panchayat under Patamda block. | **आसरा संस्था ने 42 आदिवासी परिवारों को दिया राशन**<br><br>**पटमदा:** पटमदा प्रखंड की गोबरघुसी पंचायत अंतर्गत काशीडीह स्थित आसरा संस्था के कार्यालय में गुरुवार को संस्था के स्टेट हेड सत्यजीत कुमार ने बुरुडीह, सारी, कुंकड़ु, काशीडीह व अपो गांव के 42 आदिवासी व सबर परिवारों के बीच सूखा राशन वितरण किया. जानकारी देते हुए संस्था के स्टेट हेड ने बताया कि गोबरघुसी पंचायत के सुदूरवर्ती जंगलों से घिरा 42 परिवारों को संस्था द्वारा हर महीने चावल, आटा, दाल, नमक, साबुन, चीनी, बिस्कुट आदि सूखा राशन दिया जाता है. उन्होंने बताया कि महीने भर तक चलने वाले सूखा राशन मिलते ही बुजुर्गों के चेहरों में खुशियां छा जाती हैं. मौके पर स्टेट हेड सत्यजीत कुमार, मंजू दत्त व श्रीचरण माझी आदि मौजूद थे. |
| On 09-03-2025, ASSRA distributed dry ration kits (rice, wheat flour, pulses, etc.) to 40 Adivasi families in remote villages of Patamda block ahead of Holi. | **आसरा संस्था ने 40 आदिवासी परिवारों को दिया सूखा राशन**<br><br>**पटमदा, संवाददाता, 09 मार्च:** स्वयंसेवी आसरा संस्था के स्टेटहेड सत्यजीत कुमार ने रविवार को पटमदा प्रखंड की सुदूरवर्ती जोड़सा, बांसगड़, बुरुडीह, सारी, कुंआरामा व काशीडीह गांव के 40 आदिवासी व सबर परिवारों के बीच सूखा राशन वितरण किया. जानकारी देते हुए स्टेट हेड ने बताया कि जोड़सा व गोबरघुसी पंचायत के जंगलों से घिरा हुआ 40 परिवारों को संस्था द्वारा हर महीने चावल, आटा, दाल, नमक, साबुन, चीनी, बिस्कुट आदि सूखा राशन दिया जाता है. उन्होंने बताया कि रंगों का त्योहार होली को देखते हुए पांच दिन पहले ही सभी असहाय परिवारों को सुखा राशन उपलब्ध करा दिया गया है. महीने भर तक चलने वाले सूखा राशन मिलते ही बुजुर्गों के चेहरों में खुशियां देखने को मिलती है. मौके पर स्टेट हेड सत्यजीत कुमार, मंजू दत्ता, श्रीचरण माझी, सनारतन सिंह आदि मौजूद थे. |

ASSRA New Delhi